**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 5410 / कार्य-25 / 121 दिनांक 22-6-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः— **समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित खबर **'दूंदीपुर में जल जीवन मिशन की लापरवाही, पानी बर्बादी : टोंटी न लगने से सड़कें कीचड़ से सनीं, मोहर्रम में बढ़ी परेशानी'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि खबर का संज्ञान लेते हुए जूनियर इंजीनियर द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया व अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत रामरसेपुर पेयजल योजना, विकास खण्ड हरख में पाइप लाइन–98 प्रति0, शिरोपरि जलाशय–95 प्रति0, बाउण्ड्रीवाल–95 प्रति0, पम्प हाउस–95 प्रति0 एवं 700 नग हाउस कनेक्शन पूर्ण कराते हुए योजना से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन में 02 स्थानों पर लीकेज होने के कारण पानी फैल रहा है, जिसकी मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। 02 दिवस के अन्दर लीकेज मरम्मत का कार्य पूर्ण कराते हुए सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।







भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।


1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4– जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6– जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7– श्री पियूष शुक्ला, सहा0अभि0(एसडब्लूएसएम)।
8– सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग को इस निर्देश के साथ कि 02 दिवस के अन्दर लीकेज मरम्मत का कार्य पूर्ण कराते हुए सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# दूदीपुर में जल जीवन मिशन की लापरवाही, पानी बर्बाद: टोंटी न लगने से सड़कें कीचड़ से सनीं, मोहर्रम में बढ़ी परेशानी

संतोष कुमार | भिलवल (हैदरगढ़), बाराबंकी
1 दिन पहले



उत्तर प्रदेश के त्रिवेदीगंज विकासखंड की ग्राम पंचायत दूदीपुर में सरकार की महत्वाकांक्षी 'जल जीवन मिशन' योजना ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। योजना के तहत पाइपलाइन बिछाकर पानी की आपूर्ति तो शुरू कर दी गई है, लेकिन घरों के बाहर टोंटियां नहीं लगाई गई हैं।

टोंटियां न होने के कारण स्वच्छ पेयजल लगातार बर्बाद हो रहा है। यह पानी सड़कों और घरों के सामने जमा होकर कीचड़ और गहरे गड्ढों का रूप ले चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की घोर लापरवाही के कारण यह योजना सुविधा के बजाय समस्या बन गई है।

वर्तमान में चल रहे मोहर्रम पर्व के कारण यह समस्या और गंभीर हो गई है। क्षेत्र पंचायत सदस्य नूर आलम ने बताया कि मोहर्रम के कार्यक्रमों के दौरान लोग अपने घरों के सामने ताजिया रखकर मन्नतें मांगते हैं। सड़कों पर फैले पानी और कीचड़ के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव के वारिस अली, मोहम्मद नदीम, सईद, उस्मान, शमशाद, साबित, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद इमरान, नाजिम, मोहम्मद सद्दाम, पप्पू, मुन्ना, साबिर अली, यार मोहम्मद, सलमान, विनोद, नासिर और मोहम्मद फरहान सहित दर्जनों ग्रामीणों ने विभाग के रवैये पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने 'जल जीवन मिशन' के अधिकारियों और ठेकेदारों पर भ्रष्टाचार और काम में लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

इस संबंध में जब संबंधित विभाग के अधिकारी पियूष शुक्ला से संपर्क किया गया, तो उन्होंने मामले का संज्ञान लेने की बात कही। शुक्ला ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना करेंगे। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी कर्मचारियों या ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और टोंटियां लगवाने का काम भी शीघ्र पूरा करवाया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner